आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

वेव्स शिखर सम्मेलन

मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया डायलॉग का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें 60 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। संवाद का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन, सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना और वैश्विक मीडिया क्षेत्र की संभावनाओं में नीति समरूपण, प्रतिभाओं के एक दूसरे के यहां काम करने का अवसर व क्षमता वर्धन के उपाय तलाशना है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनका पार्टी की एक बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम है। बैठक में सता व संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हिमाचल के मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से भी मिल सकते हैं।

निर्मला सीतारामन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि अप्रैल में रिकॉर्ड वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रभावी सहकारी संघीय प्रणाली का परिचायक है। अप्रैल के लिए सकल जीएसटी संग्रह दो लाख 36 हजार करोड़ रुपये रहा। यह संग्रह अप्रैल 2024 में दो लाख दस हजार करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 12 दशमलव छह प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में कुल जीएसटी संग्रह दो लाख नौ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया, यह अप्रैल 2024 के एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये के कुल संग्रह की तुलना में नौ दशमलव एक प्रतिशत अधिक है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बीते कल बारिश और कुछ स्थानों में भारी ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से गुठलीदार फलों के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव से जहां किसान–बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं, वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

इस बीच राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी बारिश का दौर जारी है।

केदारनाथ

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा–अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के लिए धाम

पहुंचे, जहां भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। इस वर्ष यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। गौरतलब है कि यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खोले जा चुके हैं। जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

पर्यटन सीजन

चंबा जिला में पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि डल्हौजी, खजियार सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुडी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायामूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया।